Chapter-5

पंचम अध्याय

प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का विधीवत तबला वादन पध्दती में अपने विचार तथा शास्त्र पक्ष में योगदान :

५-१ तबला शास्त्र की प्ररिभाषा

५-२ आॅल इन्डिया रेडियो स्टेशन से प्रसारित प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का तबले के घराने केबारे में चर्चा। इसका प्रसारण सभी प्रांतीय भाषाओं में अनुवादित हो कर उसी समय एक साथ प्रसारित हुआ था।

५-२-१ प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का अहमदावाद, वडोदरा रेडियो स्टेशन से ता २-८-८८ रोज प्रसाररित तबले के अजराड़ा घराने का परिचय तथा उसकी वादन शैली।

५-३ The roll of rhythm in music

५-४ रियाज़ और तालीम के लिये अनुशासन

५-५ Prnciples of composition.

पंचम अध्याय

प्रो. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का विधीवत तबला वादन पद्धती में अपने विचार तथा शास्त्र पक्ष में योगदान एवं तबला विषयक अन्य लेख।

५-१ तबला शास्त्र की परिभाषा

पेशकार :

सोलो तबला वादन में सर्व प्रथम जो रचना बजाते हैं उसे पेशकार कहते है। इस रचना में तबले पर बजाये जानेवाले सभी वर्णाक्षिरों को इकठ्ठा करते हैं और यह उलट,पलट (टेढ़ीमेढ़ी) रचना होने के कारण कायदे के हिसाब से लंबे होते है। पुरानी पध्दति से पेशकार कम लय में बजाया जाता है। क्योंकि हिन्दुस्तानी ताल वादन में कोई भी रचना की शुरुआत करने से पहले निश्चित बोलों के समुह को उंगलियों में चैतन्य एवं जागृतता और ताजगी लाने के लिये यह एक कलात्मक पध्दति है। कला की दृष्टिसे यह तैयारी दिखाने की एक पध्दति है यह कोई शारीरीक कसरत नहीं है।

पेशकार का अर्थ शब्द से ही स्पष्ट होता है कि पेश याने प्रस्तुतीकरण अथवा रसिक श्रोताओं के लिये कार्यक्रम के शुरुआत में बजायी जानेवाली प्रारंभिक रचना याने पेशकार। पेशकार का अर्थ प्रस्तुति, प्रस्तुतीकरण, मांडणी

ऐसा होता है। उत्तर प्रदेश के न्यायालयों में पेशकार यह शब्द वकील के आदेशानुसार कागज़ इकठ्ठा करने वाले को पेशकार कहते हैं। यहाँ भी प्राधान्य महत्व का होता है। पहले पेशकार के लिये फर्शबंधी यह शब्द का उपयोग होता था। फर्श याने जमीन का पृष्ठभाग ऐसा होता है और कलाकार अपने अंदाजित लय के साथ एकात्मक होता है और आगे के कार्यक्रम के लिये सिध्ध हो जाता है ओर उंगलियों में जान लाता है। इस तरीके से वह अपने कार्यक्रम का चढ़ाव आगे बढ़ाता है इसीलिए उसे 'फर्शबंधी' कहते है। ख्याल गायकी में हम लोग स्थायी, जमना ऐसे शब्दों का उपयोग करते है। स्थायी यह संपूर्ण गायन, वादन की सुरक्षा का एक आधार हैं। इसी लिये काफ़ी सालों से तबला बजाने की शुरुआत पेशकार के बिना बजानेवाला उस्तादों की दृष्टि में शंकास्पद होता था याने बजाने वाला अज्ञानी है ऐसा माना जाता।

पेशकार कायदा :

प्रत्येक कलाकार अपने घराने के अनुसार पेशकार के पीछे नीश्चित स्वरुप का बनाया हुआ एक कायदा बजाता है उसे हम पेशकार कायदा कहते हैं। इस प्रकार से प्रत्येक तबला वादक का बजाने का फर्क पता चलता है। हरेक कायदे अलग स्वरुप के होने के कारण यह मुलतः मुख्य बोलों के समूह होते हैं जो उसके रुप में होते है अर्थात वो पेशकार जैसे होते है।

ज्यादातर निश्चित स्वरुप का कायदा बजाने का नियम और शुध्दता (रीतिबध्दता) बजाते समय इसकी जरुर नहीं होती है। यह सिर्फ सुंदर रीत से और भिन्न स्वरुपसे भी दिखा सकते है। कारण पेशकार की रचना में ही तबले के सभी वर्णाक्षिर आ जाते है। हरेक पेशकार कायदे में दो लाइनें होती है। पहली लाइन सम से चालू हो कर खाली तक बजती है और दूसरी लाइन खाली से समतक बजती है। याने पूर्ण खंड की रचना एक लाइन में होती है परंतु इस कायदे में कुछ भिन्न स्वरुप भी प्रस्तुत किये जाते है। पेशकार कायदा दृत लय में बजाया जा सकता है। इसके विपरित पेशकार संथ गती का लगता है। पेशकार कायदा बोलों के लिये और बजाने की पध्दति से ही नहि, तो अलग,अलग घराने को प्रदर्शित करता है। इसमें कोइ भी नयी पध्दति नहीं हैं।

कायदा :

शब्द के उपर से ही हम समझ सकते है कि कायदा याने नियम अथवा निश्चित प्रणाली। जब अकेला तबला वादक वादन करता है तब वादक कायदा एक पध्दति से बजाता है। उसकी रचना मे दो पंक्तियां होती हैं। पहली सम से शुरु हो कर खाली पर समाप्त होती है और दूसरी खाली से शुरु हो कर सम पर समाप्त होती है। जो अक्षर वारंवार एक विशिष्ठ शैली

में प्रदर्शित होता है उसी अक्षर से उसी कायदे को नाम दिया जाता है। इसी पध्दति से अपने यहाँ तीट, तीरकीट, धीनगीन, धिरधिर के और स्मृति बढ़ाने के कायदे हैं। अर्थात एन मौके पर बजाते समय उसमें बदलाव किया जा सकता है। किंतु पलटा बजाते समय उसमें बंदी है। सर्जनशील वैविध्य दिखाने के लिये ऐसे किसी भी वर्णाक्षर का उपयोग होता नहीं है। क्योंकि वह मुख्य रचना में नहीं होता है। फिरसे पलटा बजाने के समय एक विशिष्ट क्रम संभालना पडता है। दो खंडो में वर्णाक्षिरों की जो जगह है उसका नाद एक जैसा नहीं होता है ,पहले पंक्ति का अंतिम शब्द (तींना कीना) और दूसरी के बोल (धिंनागीना) ऐसे होते हैं। अपने गुरुजनोने अनेक प्रकार के कायदे बनाये हैं इसमें कुछ द्वीस्त्र जाती, तिस्त्र जाती, चतुस्त्र जाती, कोई छोटे कायदे और बड़े भी होते है। जो मध्य लय में और दृत लय में बजाने के बाद सुनने में अच्छे लगते है।

रेला :

रेला कायदे जैसा ही लगता है उसकी लंबाई उतनी ही होती है कितुं लय अलगसी होती है, रेला अतिदृत लय में बजाया जाता है। विलंबित लय में सुनना अच्छा नहीं लगता। यह बजाने के लिये बहुत ही सरल है क्योंकि इसमें मुख्य रचना में एक ही बोल अनेक बार बजाया जाता है। यह दोनों

बाते ध्यान में लेते है और इसके गुणधर्म को ध्यान मे लेते हुऐ रेला यह समुद्र की लहरों जैसा हिलता है। रेला बजाने के लिये उंगलियोपर प्रभुत्व होना चाहिये। यह बजाने के लिये ज्यादा रियाज की जरुरत होती है, कयोंकि रेला ज्यादातर अतिदृत लय में बजाया जाता है। यह बजाते समय अलग बोलों का उपयोग इसमें समय के अनुसार किया जाता है। सोलो वादन में रेला बजाना जरुरी है, इसमें बजाते समय चपलता दिखाने के लिये उपयोग में आता है। साथ संगत में भी इसका उपयोग हो सकता है। जब सितार,सरोद बजाते समय झाला बजाते हैं तब तबला वादक रेला का आधार लेकर बजा सकता है और वो भी द्रुत लय चलती हो तब आराम से तबला वादक उसके साथ संगत कर सकता है। इस से यह ध्यान में आता है कि रेला बजाते समय नियमो का पालन करने की जरुरत नहिं है।

टुकड़ा :

टुकड़ा शब्द परसे उसका अर्थ स्पष्ट होता है कि टुकड़ा याने भाग, किंतु ताल की भाषा में सिर्फ इसका अर्थ भाग नहीं होता है। पखावज की लंबी परनों से बनाया गया भाग, जो सम से सम तक का होता है। इसमें पारंपारिक कला को मान देते हुऐ और उसकी इज्जत रखने वाले परनों के कुछ मृदु अक्षरों के समुह द्वारा शब्दरचना कर के एक छोटीसी रचना बनाते है जो ताल चक्र में आती है और उसका समापन तिहाई से करते है। तिहाई

याने समापन। टुकड़ा याने तिहाई का एक भाग ऐसा नहीं है। क्योंकि सभी टुकडों को पूर्णत्व प्राप्त है और अलग, अलग लय में बजाये जाते है और गायन वादन में उसका प्रभूत्व दिखाई देता है। टुकड़ा सोलो वादन और साथ संगत में उपयोगी होता है।

राजा महाराजाओं के जमाने में पखावज और तबले की जुगल बंदी की महफिल होती थी। इस जुगलबंदी में तबला वादक की कभी जीत नहीं होती थी। क्योंकि वह पखावज द्वारा बजाय जानेवाली परन के समान लंबी, सरबत्ती और टेढ़ीमेढ़ी रचनाऐ तबले पर नही बजा पाते थे।

पखावज की रचनाऐं खुब जोरसे, गमक की हैसीयत से बजायी जाती है। इसलिए वह बहुत प्रभावशाली होती है। तबले में दाँया की किनार द्वारा निर्माण (बजाये) जाने वाले कायदे सुमधूर, मीठे होते है, लेकिन पखावज जैसा प्रभाव उत्पन्न नही कर पाते। किंतु जो तबला वादक इस में पराजय मानने के लिये तैयार नही होते उन्होने एक तरकीब सोची, परन में से कई मृदु शब्दों को इकठ्ठा करके उन्हें बोलों के टुकडों में सजाकर अनेक सुंदर रचनाऐं बनायीं जो तबला वादक को बजाने के लिये आसान हो गयीं। तबला वादक तिहाई लेते समय बहुत चौकन्ना याने सजाग रहकर बजाते हैं और पखावज वादक भी इस तरह से उसे पकड कर बजाते है।

गत : इसका गति इस शब्द से निर्माण हुआ है। उसका अर्थ हलचल ऐसा होता है। और ऐसा भी कह सकते है कि गत यह शब्द गति का संक्षिप्त रुप है। तबला वादन में गत यह निश्चित स्वरुप में होती है और बोलो का स्वरुप दिखाने वाली रचना होती है जो एक समान सरखी गति में घुमती रहती है, किंतु यह तिहाई से समाप्त नहीं होती है। इसलिये इस में एनमौके पर बदलाव नहीं कर सकते है। इस लिये यह कायदा और रेले से अलग है। गत तबले के बोलों पर रचायी जाती है। यह पखावज के वर्णाक्षरों से अलग होती है और यहाँ किनार के बोलों का वर्चस्व ज्यादा होता है। काफी तबला वादक इसका उपयोग नहीं करते क्योंकि उनको गत और तुकडा इस में क्या फर्क होता है उसका पता नहीं होता है। पुराने पध्दति के वादन शैली में रचना की और ध्यान पूर्वक देखा जाय तो उस में क्या फर्क है उसका पता चलता है। गत यह शांतिसे निश्चित आमद लिए बिना और सम दिखाने की नयी पध्दति से, छोटे टुकडे जैसी रचना, अंतमें धीरेधीरे नजाकत से उतरते समय उसमें शोभा आती है। ताल उसके भरी के लिये और गतिके वैविध्य से नहीं, उसके लय के चलन से,ठहराव से,खंडो से लक्षणीय दिखता है।

---

१०५ साक्षात्कार प्रो सुधीरकुमार सक्सेनाजी दि २-१०-२००७, १२-१०-२००७

गत के प्रकार :

गत का हरेक प्रकार निराला है। द्वि पल्ली गत, त्रिपल्ली गत, चौपल्ली गत, पंचपाली गत, दो मुँह की गत।

त्रिपल्ली गत : इसमें एक समान बोल को तीन बार तीन अलग अलग जातिसे बजाया जाता है।

चौपल्ली गत : एक समान बोलों को चार बार अलग, अलग लय में वादन होता है।

पंचपल्ली गत : पांच बार पाँच अलग, अलग लय में वादन होता है। पाली का अर्थ मूल रचना का चक्र ऐसा होता है। बहुत कम तबला वादक दौपल्ली गत बजाते हैं। क्योंकि इस में एक समान बोलों के समूह को दो बार बजाया जाता है और साथ ही दो जाति के लय में बजाया जाता है इस लिये बहुत छोटा टुकड़ा तैयार होता है। इस लिये पूर्ण रचना की छटा उसमें दिखाई नही देती। पल्लीका उपयोग अनेक बार होता है क्योकि उसका अंत उसीतरह से होता है उसका बंधारण तिहाई जैसा होता है। दुपल्ली गतो की संख्या ऐसे तो कम है और बहुत कम तबला वादकों को उसकी पहचान है। और भी एक गत का प्रकार है। जीसे "दों मुँह की गत "कहते हैं। इसका अर्थ एक समान दो मुँहवाली रचना होता है। मांदा साँप के ऊपरसे उसकी रचना का

जन्म हुआ है। जिसे दोनों ओर से मुँह होता है और इसतरह के साप को दुमुँही ऐसा कहा जाता है।

सभी गतें सम पर नही आती यह योग्य नही है कोई सम से पहले आती है इसे असम गत कहा जाता है। यह भी गत जैसी ही होती है इसमें फरक इतना ही होता है कि जो तालके अंत में मात्रा पर आती है याने सम से पहले सिर्फ सिर हिला कर या हाँ कहके तात्कालिक सम दिखाई देते हैं। इस प्रकार की गते बहुत कम घरानो में है। इन दोनों बातों में आश्चर्य नहीं क्यों कि यह गत बहुत द्रुत लय में बजायी जाती है। क्योंकि गत के अंत की जगह और सम इनके अंदर की रिक्त जगह को अंतर भरने का होता है यह अंतर जो कम लय में नहीं हुआ तो श्रोताओं को सम की कल्पना करना कठिन होता है। गत की अंत समय पर सम दिखाने की योजना सहज रीत से नही दिखा पाते और एक मात्रा कम दिखाई देती है। उसी हिसाब से गत की जोडनी इसतरह से होनी चाहिये कि जो स्वयं, के गुणों द्वारा सम दिशा में बढ़कर की जा सके। तभी श्रोताओं को पता चल सकता है कि सच्ची सम जानबुझ कर बतायी नहीं जाती है।

तिहाई :

यह ताल रचना की ऐसी योजनाबध्द रचना है जो साधारण रसिक को सम ढूंढने के लिये अथवा सम पर आ रही है यह गृहित रख कर पता चलता है।

साधी तिहाई :

बोलो की रचना में कोई छोटी रचना तीन बार बजा कर अंतिम थाप सम पर आती है। इस के मुख्य दो प्रकार है १) बेदम तिहाई २) दमदार तिहाई

इसका अर्थ कहीं शांत घडी या पल अथवा श्वासोश्वास की जगह पर जोर देना पड़ता है। प्रथम प्रकार में दो खंडो के बीच में जगह नहीं होती है किंतु दोनों प्रकार में सम पर जाने की जो पध्धति है वह वैसी होती है जो पीछेसे परिणाम कारक होती है और रचना के अंत में नहीं होती है। और भी एक प्रकार की तिहाई होती है जिसे चक्रधार तिहाई कहते है। इस में बोलों का समुह टेढ़ामेढ़ा होता है और लंबा होता है। वह तालका कम अवर्तन पूर्ण कर सकता है। उनकी निश्चित संख्या लय पर निर्धारित होती है। जिन अक्षरों द्वारा चक्रधार तिहाई बनती है वह चक्रधार टुकडा, चक्रधार, चक्रधार गत अथवा तोड़ा इस नाम से पहचाना जाता है। साधी तिहाई शुरुआत से अंत तक उपयोगी होती है। चक्रधार तिहाई का बड़ा विस्तार गिनने के लिये और सोलो वादन का सौंदर्य बढ़ा ने के लिये उपयोगी होता है। नियमानुसार चक्रधार यह

द्रुत लय में बजायी जाती है और सोलो वादन का अंत करने के लिये उपयोगी होती है।

सभी घरानो में चक्रधार तुकडे विपुल प्रमाण में उपलब्ध है किंतु फरुखाबाद घराना इस में श्रीमंत है। अन्य घराने के वादक भी इसका उपयोग अपने वादन में करते है।

मोहरा :

इसमें दोनों रचनाऐं समान पल्ले की होती है। यह रचना सम पर आने के लिये सुंदर बोलों को इकठ्ठा करके बनायी हुई रचना होती है। साथ संगत करने के लिये इसका उपयोग कम होता है। उपयोग में लिये अक्षर मृदु और सरल होते हैं। इसलिये दोनों भाग अलग होते हैं और मुखडा तिहाई से ही समाप्त होता है। मुखड़ा ठेके के पहले बजाया जाता है। पहली थाप से शुरु होकर सम के पहले खत्म होता है अथवा सम पर खत्म होता है। इसका हेतु सिर्फ श्रोताओंका ध्यान ताल शुरु होने पर होता है। किंतु वह एक संमिश्र तिहाई पर खत्म होना चाहिये। दोनो का उपयोग गायन में समापन दिखाने के लिये उपयुक्त होता है।

फरद :

यह एक अलभ्य रचना होती है और उसका ढ़ाचा टेढ़ामेढ़ा होता है। और इस रचना को अमल में लाना और बजाना, यह बात सहजता से नहीं होती है। इसका प्रस्तुति करण के लिये मानसिक संतुलन और खूबसूरत बोलों के झुमके इकठ्ठे करके उसे में लाने चाहिये इसके लिए तैयार होना अत्यावश्यक है। यहाँ पर लय की जातियाँ आकस्मिक रुपसे बदलती हैं। यह बजाते समय सिर्फ मात्रा ध्यान में रखते हुऐ और अमल में लाना, यह महत्व का नहीं होता, बल्कि हरेक टुकडें का अर्थ और उसका पारस्पारिक संबध इनका अंतरज्ञान और अंदाज भी महत्व का होता है।

जब तबला वादक को कहाँ पर कौनसे बोल पर कौनसी रचना बजानी है इस बारे में अनिश्चितता होती है। उस समय उसके दिमाग में जो भी बोल सहजता से, आते है वह सम पर आने के लिये भरी से बजाता है उस समय जल्दीसे और नियमों को ध्यान में लेते हुऐ जो निर्माण होता है वह बोलों का स्वभाव दिखाता है। सम दिखाने के लिये जिस महत्व की जरुरत है उसे फरद कहते है। फरद आमतौर धिर धिर किट धा इन अक्षरों पर खत्म होती है किंतु हर बार इसका अंत ऐसा होना आवश्यक नही है।

लग्गी/लड़ी :

तबला वादन में यह दो रचनाऐं सबसे छोटी होती है। दोनों का उपयोग उपशास्त्रीय गायन में होता है। उदाहरण ठुमरी, गजल, भजन यह दोनों प्रकार सोलो बजाने में उपयुक्त नही है। जिसका एक भाग मुल से जकड़ा हुआ और दूसरा भाग बारीक सा होता है। लग्गी की शुरुआत जोर से होती है और धीरेधीरे बजाते उसका अंत होता है।

लाडी :

जब सही मायने से व्यवस्थित बजायी जाती है तब उसका अर्थ निकलता है। क्योंकि जब यह कुशलता पूर्वक बजायी जाती है तब वह एक समान बोलों की श्रृंखला समान होती है। इसमें बोल बजाते समय इसमें बदलाव नहीं आता है। क्योंकि वह छोटे समूह की याद दिलाते हैं।

मिसाल :

इसके बारे में कोइ भी टिपणी नहीं हो सकती है। मिसाल इस शब्द का अर्थ ठेके में ही विविधता दिखाना होता है। बनारस घराने के वादक लय ऊपर पकड़ रखने के लिये इसको काफ़ी प्राधान्य देते हैं। परंतु और घरानेदार तबलिये इसका उपयोग ज्यादातर नहीं करते। ठेका यह लय की पक़ड है और यही बदल गया तो लय एक समान कैसे बज सकती है। लहेरा वादक वैविध्य

के लिये नियमों को बाजू पर रखकर और स्पष्टता ध्यान में न लेते हुए सुमधूर पंक्ति से उसकी शुरुआत करे, तो तबला वादक को महत्व का भाग नही बजा सकेगा, जो उसके लिये महत्व का होता है। बहुत कम रचनाएं और नाद (Effect) इनके नाम विचित्र होते है। जैसे रचना, चलन, उडान, गुम्बद, लतिफा, गौपूच्छा, गोस, घसीट, घिसा, चाबुक मार तोडा, गत चार बाग इत्यादि। चलन याने शुरुआत में सीधे बोलों की रचना के लिये हिलचाल और यह रेले के समान होती है। यह अलग ढंग की होती है, इसमें तबला वादक एक निश्चित रचना बजाता है।

घुंबज :

यह रचना मंदिर और मस्जिद के गुम्बद जैसी होती है।

लतीफा :

बडी रचना का छोटा भाग किंतु यह छोटी रचना में बजता है। जिस प्रकार कोई प्रासंगिक अथवा अचानक कोई चुटकुला अपका मूड बदल देता है। उसी प्रकार लतीफा यह लयकारी में अधिक द्रुत लयकारी दिखाकर उस में बदलाव ला सकता है।

इश्क पेचा :

इश्क याने प्रेम और पेंचा याने कौशल्य पूर्ण इसकेलिए इसे इश्क की माला भी कह सकते हैं। कई उस्ताद बुलबुल की दास्तान अथवा पंखी की पूंछ। बुलबुल रचना किस तरह से अस्तित्व में आई कहते हैं कि मुगलकाल में एक नवाब को बुलबुल पक्षी ज्यादा प्रिय था। एक दिन वो अचानक बीमार पड़ गया और उसने कलरव करना बंद कर दिया। इसलिये नवाब दुखी हो गया। जब कोई हकीम उसको अच्छा करने में कामयाब नही हुआ तब राजदरबार के एक होशियार दरबारी के कहने पर एक उस्ताद को तबला वादन द्वारा बुलबुल में नव चैतन्य लाने के लिये तबला बजाने को कहा। उस्ताद ने एक कायदा बजाया जो बुलबुल के किलबिलाहट की तरह था और बुलबुल ने उसे प्रतिसाद देना शुरु किया उसलिये इस रचना को 'बुलबुल रचना' कह जाने लगी और उस्ताद को राज दरबार में राज वादक की उपाधि मिली।

कायदा लाल किला :

यह रचना सिर्फ लाल किले पर नगारा बजाने वाले पहले करते थे काफ़ी सालों के बाद यह तबला वादन में शामिल हुई।

गौपुच्छा :

इसका अर्थ गौ माता का पुँछ होता है जो शुरुआत से जाड़ी होती है और उसका अंत पतला होता है। पखावज वादन में यह महत्व की लय रचना है।

गण और घीसा :

यह रचना में इसकी गिनती नही की जाती है और जो नाद उत्पन्न होता है वह अलग प्रकार का है।

गांस।

इसका अर्थ तबला वादमें में गूंज होता है यह गूंज बायें हाथकी उंगलियों को मोड़ देकर उसे गोलाकार में हाथ को घुमाकर उससे नाद पैदा होता है और खुले हाथ से थाप देकर भी निकाला जाता है।

घिसा/घसिट :

इसमें जलद गति से बाँये पर थाप मारके घिसके होता है। कलाई और पंजे के बीच वाला भाग घिसकर बजाया जाता है। किंतु तबले के नियमो में सतत से बजाये यह उचित नही है। और यह ढोलक वाद्य के लिये उचित रहता है। तबला वादन में दो अक्षरों के मात्रा में जगह भरने के लिये इसका उपयोग होता है और बोलो को सुर में बजाने के लिये भी इसका उपयोग होता है।

उदाहरण धे ऽ न्त ऽ धा ।

संयुक्त बोलों द्वारा घीसा बजाना उपयुक्त होता है उसे भूल जाना संभव नही होता है किंतु उसे वह बहुत नजाकत से दिखाना पडता है इसलिये उसके नाद की मिठास कम नहीं होती है और मींड जैसा भी हो सकता है। कुछ समय के बाद ज्यादा बजाना यह श्रव्य के लिये अच्छा नहीं लगता उसका उपयोग प्रामुख्य से बजाते समय कहाँ करना है वह तबला वादक के विचारों पर और सौंदर्य शास्त्र की दृष्टि से करना होता है।

तालकी रचनाओ में अनेक ध्वनि उत्पन्न होती हैं। चाबुक मार तोड़ा याने घोडा सवार घोड़े पर सवारी करते समय जब घोड़े को चाबुक मारता है उस समय जो आवाज पैदा होती है उसी तरह के बोल बजाते समय वैसा नाद उत्पन्न होता है और उसकी लय भी उसी तरह की होती है। एक ऐसी रचना जो एक चक्र घुमकर पूर्ण होती है। यह गत तालों के भाग को चारबार थोडासा बदलाव करके बजाकर पूर्ण होता है। हरेक पंक्ति दुसरी पंक्ति के साथ जुड़ी होती है किंतु कायदा अथवा रेला के हिसाब से गत बजाने का हिसाब और उसकी रचना का स्वीकार नही होता है।

रो :

यह छोटी रचना होती है। यह रेले का ही भाग होता है। यह रचना गोल घुमाकर सुनाई देती है। रेला और कायदे की तरह इसकी गति डबल नहीं

करते किंतु उसे एक सुत्र में पिरोने,बांधने के लिये कुछ ज्यादा बोलों को चुनकर उसके साथ बजाने से एक झालर जैसी बन जाती है।

धाति कधि ऽनधि नक । ताति कधि ऽनधि नग

अभी इसकी रो बनाकर इसकी फिरत कैसी बनती है वह देखे गे ।

धातिर किटधिन तिरकीट धातिरकिटतक ।

तातिर किटधिन तिरकिट धातिरकिटतक ।

यहा धीन और त्रक के अलावा कोइ भी नयी रचना शक्य नहीं होती। सोलो वादन में तथा वाद्य के साथ रो बजाना योग्य होता है। परंतु महत्व की बात याने जब यह रचना बजायी जाती है उसका अंतीम खंड डबल गतीसे बजाया जाता है।

अंगुष्टना :

यह पध्दती भी रोजके अभ्यास में समझकर बजाना महत्व का है। उर्दु में अंगुस्त याने उंगली, गस्तता याने ऐसी चिज जो उंगली को कवच दे जो धातुसे बनायी होती है और मुख्य उंगली पर लगाई जाती है क्योंकी सुई जो काजबटन करते समय लग नजाय इसके लिये लगाया जाता है।

---

१०६ द आर्ट आॅफ तबला रिधम पृष्ठ क्र ५४ - ५९

५-२ ऑल इन्डिया रेडियो स्टेशन से प्रसारित प्रो सुधीरकुमार सक्सेनाजी का तबले के घराने के बारेमें चर्चा । इसका प्रसारण सभी प्रांतीय भाषाओं में अनुवादित हो कर उसी समय एक साथ प्रसारित हुआ था ।

तबले के घरानो के बारे में चर्चा करने से पहले मैं यह अत्यंत आवश्यक समझता हूं कि मूलतः 'घराना' शब्द की व्याख्या और उस का शाब्दिक अर्थ समझ लिया जाये। इसके अलावा घराने से संलग्न वस्तुओं की जानकारी भी स्पष्ट की जाये। घर शब्द का अर्थ् है वंश अथवा परिवार (Heridity/Family) और घराना शब्द का अर्थ है वंश विशिष्टता। इसलिये तबला वादन में घराने का अर्थ हुआ एक प्रकार का चलन, रीति, पद्धति अथवा बजाने की एक निश्चित परंपरा।

घराना कलाकारों का एक ऐसा परिवार है जिसकी प्रत्येक क्रिया और वस्तु में उस घराने के नियम तथा उसके मुख्य सर्जक की छाप स्पष्ट रहती है। घराने के मुख्य नियम आचरण और रीतीरिवाज उस समय की राजकीय एवं सामाजिक परिस्थिति तथा उसके मुख्य सर्जक की अपनी सूझबूझ और संस्कृति पर आधारित होते हैं। यही कारण है कि घराने के मुख्य गुणों की छाप उसके घराने के सभी कलाकारों के मुख्य गुणों की छाप उनके घराने के

सभी कलाकारों की कला में प्रदर्शित होती है और इसी वजह से घराने सदा के लिये जीवित रहते है।

गुरु-शिष्य परंपरा :

घराने के मूल में गुरु-शिष्य परंपरा का एक विशेष स्थान है। घराने में सीखनेवालो के हाथों में गुरु की सारी विशेषताऐं उतर जायें और बोलो की अदायगी वैसी ही हो, यही घरानेदार परंपरा रीति का मुख्य आधार है, क्यों कि दीर्घ तालीम और कठोर अभ्यास से ही यह संभव हो सकता है और इसी कारणवश एक घरानेदार तबला वादक तबले पर हाथ रखते ही अथवा थोड़ासा बजाते ही तुरंत मालूम हो जाता है कि वह कलाकार किस घराने से वादन सीखा है।

प्रत्येक घराने के बोल और उसकी बंदिश की अदायगी का ढंग एक खास प्रकार का होता है जो दूसरे घरानो से कहीं कहीं भिन्न होता है। तबले के बाज को मुख्य दो भागों मे बाँट सकते है। पश्चिम बाज जिसमें दिल्ली और अजराड़ा घराने का समावेश होता है। पूरब का बाज इसके अन्तर्गत लखनऊ और फरुखाबाद वादन शैली आती है। बाज दो प्रकार के हैं।

१) बंद बाज २) खुला बाज

बंद बाज में मर्यादित ध्वनि उत्पन्न होती है और इसके बोल अथवा बंदिशे बारीक मुलायम और सुंदर होती है। इस बाज में चाटी और किनार का सुदंर प्रयोग होता है और इसीलिए इसको किनार अथवा चाटी का बाज भी कहते है। इस बाज में दायें हाथ की दो उंगलियाँ और बाँये हाथ की दो उंगलियों का कलात्मक प्रयोग होता है। इस का अर्थ यह नही है कि पश्चिम घराने के बाज में सिर्फ चार उंगलियों से ही तबला बजता है, कहने का आशय यह है की इन घरानो की बंदिशे ही ऐसी होती हैं जिस में चार उंगलियों का मुख्य प्रयोग होता है। साथ में समझ लेना आवश्यक है की दूसरी उंगलियों का उपयोग वर्जित नही है। इस बाज का सबसे बडा योगदान यह है कि इस बाज ने तबले का अस्तित्व कायम किया, अर्थात उसे पखावज वादन की रीतिसे बिलकुल अलग कर दिया। मिसाल के तौर पर इस बाज के उस्तादों ने पेशकार और कायदे की बंदिशे बनाई। यह जान लेना आवश्यक है कि, इन दोनों तरीकों का पखावज में बिलकुल उपयोग नहीं है और ना ही उसपर बजाया जा सकता है। पखावज वादन की क्रिया में दो हाथों के दोनो पंजों का उपयोग होता है, इसके बोल गंभीर और वजनदार होते है, तबले पर बजाने वाले कायदों में मर्यादित ध्वनि उत्पन्न होती है, इसलिये पश्चिमी बाज

के उस्तादों ने पेशकारों ओर कायदों की रचना कर तबला बाज को पखावज बाज से बिलकुल जुदा कर दिया।

खुला बाज :

खुले बाज में ध्वनि गूंजयुक्त,प्रबल और जोरदार होती है सच तो यह है कि इस बाज में और पखावज के बाज में कुछ अंतर ही नहि आता। इस बाज में मुख्यतः पूरे पंजे का प्रयोग होता है और बोल जोरदार और गंभीर होते है और यही कारण है कि बडे बडे उस्तादोंने इस बाज को शुध्द तबला वादन नही माना है। उनका तर्क है कि अगर पखावज के बोलो को ही तबले पर बजाया जाय तो तबले का अस्तित्व खतम हो जाता है, इसके अलावा पखावज के बोल में कुछ ऐसे भी अक्षर है जो तबले पर बजा नही सकते, जैसे म अथवा धुमकीट।

सभी तबले के घरानो में उपयोग किये जानेवाले मूलअक्षर एक समान है और उन अक्षरों का उच्चारण और वादन एक समान ही है। सभी घरानों में धा को धा और धीं को धीं अथवा तीट को तीट किट को किट ही बोला जाता है, मगर जब इन अक्षरों अथवा मुलाक्षरों को जोडकर किसी प्रकार की बंदिश बनाई जाती है तो घराने की छाप उसपर पडती है। घरानो में अंतर पैदा करने के लिये बड़ेबड़े उस्तादोने अलग अलग बंदिशो द्वारा विशेष अक्षर

का प्रयोग किया,हर उस्तादने अपनी बंदीश में किसी खास अक्षर पर अधिक जोर दिया और उसका उपयोग बारबार किया जैसे दिल्ली घराने में तीट पर अधिक महत्व,अजराड़ा घराने में दिंगदिनागिना का उपयोग, लखनऊ घराने में धित और धीट का उपयोग फरुखाबाद घराने में धीरधीर का उपयोग। कहने का अर्थ यह है की हर घराने की बंदीशो में किसी ना किसी मुख्य अक्षर का महत्व रहेता है। जिससे उस घराने की पहचान होती है। सामान्यतः तो लय के सभी प्रकार सब घरानो में एक से ही है, परंतु अदायगी में अंतर अवश्य पडता है और इसलिये अलग,अलग बाजो को अलग,अलग नामों से पुकारा जाता है। जैसे किनार का बाज और गद्दी का बाज अथवा लौ का बाज।

अब तबले के बोलों के निकास पर चर्चा करुंगा दिल्ली घराने में तीट और तीरकीट बजाते समय मध्यमा का और तर्जनी का उपयोग करते है। लखनऊ और फरुखाबाद घराने में यह अक्षर बजाने का ढंग अलग है। इन घरानों में इन अक्षरों के निकास के समय अनामिका और मध्यमा का दोनो साथ में रखकर ती बजाया जाता है और ट तर्जनी से।

तबला वादन में घराने दो प्रकार से कायम रह सकते हैं पहला यह कि घरानेदार उस्ताद शिष्यो को दिल खोलकर सच्ची तालीम दे। दूसरा तरीका यह है कि अपने शिष्यों को दूसरे घराने की खुबीयों से परिचित होने दे। जब

तक एक विद्यार्थी हर प्रकार के बाज से परिचित नही होगा तब तक वह एक सफल संगीतकार नही बन सकता। हर घराने में किसी प्रकार की खूबी होती है और इन्ही खूबियों से वह जीवित रहते है। इसलिये घरानो में झगड़े तर्कहीन लगते है।

कई विद्वानों का मत है कि घराना जैसी कोई चीज नही है। ऐसे लोग या तो किसी घराने अथवा परंपरा के परिचय में नही आये है अथवा ऐसे विद्वान सुनकर अथवा किताबों में पढ़कर वादन सिखने का दावा रखते है। तबला वादन एक नियमबध्ध और शास्त्रीय कला है और घराने का मतलब केवल रीतिबध्ध वादन है।

सारांश में तबले के घराने भिन्न भिन्न कारणों से अलग हो गये है परंतु अगर मूलतः देखें तो तबले का बाज अथवा तबले की वादन शैलियाँ तो मुख्यतः दो प्रकार की है जिन्हें "खूलाबाज और बंद बाज" नाम से पुकारा जाय तो अनुचित न होगा। खूले बाज पर पखावज का असर अधिक है, अर्थात इस बाज के अथवा शैली के बोलों की अधिकतर रचनाये ऐसी है कि उन्हें उसी ढंग से बजाना सुगम है और सुनने में भी इन रचनाओ का इस ढंग से बजाने पर ही सच्चा आनंद मिलता है।

बंद बाज को हम अगर शुध्द तबला कहें तो उचित होगा, क्यों कि बंद बाज की रचनाऐं सिर्फ तबले को ध्यान में रखते हुऐ बनायी गयी हैं, ऐसा कहें तो अनुचित न होगा। घराने अमर है, सदा से चलते रहे हैं और चलते रहेंगे क्यो की सभी घरानो का बाज नियमबध्ध होता है। अगर हम नियमों को तोड दें तो न वह शुध्धबाज कहलायेगा और नही उसको सीखने की जरूरत होगी । नियमों पर ही घराने टिके हुऐ है और सदा टिके रहेंगे।

५-२-१ प्रा. सुधीरकुमार सक्सेनाजी का अहमदावाद, वड़ोदरा रेडियो स्टेशन से दिनांक २९-८-१९८८ रोज प्रसारित तबले के अजराड़ा घराने का परिचय तथा उसकी वादन शैली

तबले के घराने अथवा घरानो के बारे में चर्चा करने से पहले मै यह अति आवश्यक समझता हुं कि मूलतः घराना शब्द की व्याख्या और अर्थ समझ लिया जाय।

'घर' शब्द का अर्थ है वंश अथवा परिवार, घराना शब्द का अर्थ हैं वंश विशिष्टता निकाला जाय तो अयोग्य नही होगा।

इसलिये तबला वादन में, घराना का अर्थ हुआ रीत पध्दति स्टाईल, स्कुल अथवा एक निश्चित परंपरा।

घराना कलाकारोंका ऐसा परिवार है जिसकी प्रत्येक इकाई में उसके नियमो तथा उसके आद्यकर्ता की छाप लगी रहती है। घराने के मुख्य नियम, ध्येय, आचरण और रीति रिवाज उस समय की राजकीय एवं सामाजिक परिस्थिति तथा उसके मूल प्रवर्तक कि अपनी प्रवृत्ति, संस्कार और संकृति पर अधारित है। यही कारण है कि घराने के मूल प्रवर्तक की छाप उसके सभी पीढी दर पीढी कलाकारो की कला में स्पष्ट दिखाई देती है और इसी कारण वंश घराने सदा के लिये जीवित रहते है।

घराने के मूल में गुरु-शिष्य परंपरा का महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु की विशेषताऐं शिष्य के हाथो में समा जाय और वैसे ही बोलोकी अदायगी हो यही घराने की परंपरागत प्रथा का मुख्य आधार है। क्योंकि दीर्घ तालीम और सतत अभ्यास से ही यह संभव हो सकता है। यही कारण है कि एक घरानेदार तबला वादक के हाथ रखते ही मालूम हो जाता है कि कलाकार दुसरे घराने से संबधित है। हरेक घराने की प्रस्तुति करण की एक विशिष्ट शैली और नियम होते है।

तबले के प्रचलित बाजों को मुख्य दो भागो में बाट सकते हैं।

१ पश्चिम बाज : जिसके अंर्तगत दिल्ली और अजराड़ा क वादन शैली आती है ।

२ पूरब बाज : इसके अंर्तगत लखनऊ, फरुखाबाद और बनारस की वादन शैली आती है ।

बाज दो प्रकार के है । बंद बाज खुला बाज

बंद बाज : बंद बाज में मर्यादित ध्वनि उत्पन्न होती है और इसके बोल पतले मुलायम और सुंदर होते है। इस बाज में चाटी अथवा किनार का अधिक प्रयोग होता है, अतः इसे किनार का बाज भी

कहते है। इस बाज में दो उंगलियाँ का अधिक प्रयोग होता है।

खुला बाज : खुले बाज में ध्वनि गूँजयुक्त एवं प्रबल होती है। यह बाज पखावज की वादन शैली के अधिक निकट है। इसमें उंगलियों के साथ साथ पूरे पंजे का प्रयोग भी प्रचलित है। इस बाज के बोल जोरदार और गंभीर होते है।

तबले के सभी घरानो में अजराड़ा घराने का एक विशेष स्थान है। प्राचीन अथवा अर्वाचीन वयोवृध्ध सभी विद्वानों का मत है कि अजराड़े का तबला केवल तबला वादक के सुनने की वस्तु है। इसका अर्थ यह नही कि यह बाज आम श्रोताओं के आनंद के लिये नही है। कहने का तात्पर्य यह है कि इसबाज की सौन्दर्यात्मक अदायगी और इसकी बारीकियों की विशेषताओं को एक तबला वादक अच्छी तरह समझ सकता है और इसका पूर्ण आनंद ले सकता है।

दिल्ली के निकट मेरठ जनपद में एक छोटा सा गाँव है, जिसका नाम अजराड़ा है। वहाँ के मूल निवासी दो भाई कल्लू खाँ और मीरु खाँ दिल्ली आकर उस्ताद सिध्धारखाँ दाढ़ी के पौत्र सिताबखाँ से उन्होंने तबले की

विधिवत शिक्षा प्राप्त की और शिक्षा पूरी होने के बाद वे अपने गाँव वापस चले गये। तत्पश्चात् इन बन्धुओंने अपनी प्रतिभा और सूझबूझ से अपनी गुरु परंपरागत प्राप्त वादन शैली में मौलिक परिवर्तन किये और नये ढंग की बंदिशो का निर्माण किया।

अजराड़ा घराने के विद्वानों ने कायदे की रचनाऐं तिस्त्र जाति में इतनी सुंदरता और समझ से की है कि यह बंदिशे तुरंत लोकप्रिय हो गयी। इस घराने में बायें का प्रयोग मींडयुक्त, सुंदर एवं दाहिने के बोलो से लडता हुआ है जो अन्य किसी घराने से अलग है। मिसाल के तौर पर एक कयदा पढकर समझाता हुँ।

धाऽकड धितीट धागेती टकीट धाधाघे धेनक तिनति नाकिना

ताऽक्ड तिकिट ताकेती टकीट तिताके केनक धिनधि नागिना

अभीतक तबला वादन में मध्यमां एवं तर्जनी का ही प्रयोग होता था परंतु इस घराने वालोने तबला और बाँया दोनों पर इन उंगलियो के साथ साथ अनामिका का भी प्रयोग आरंभ किया। इस नवीन प्रयोग से कुछ बोल जैसे धिनगीन, धाधागीन और गीनधा आदि अत्यंत सरलता और सफलता से द्रुतलय में बजने लगे। इस बोल समूह में 'न' तर्जनी से चाटी पर न बजाकर अनामिका से स्याही के पुर्व भागसे निकाला जाने लगा।

यह घराना कायदो की खुबसुरती और विविधता के लिये विशेष प्रसिध्ध है। यहाँ के कुछ कायदे कत्, तीं, धागेन धिनक और धिक्ड धीं आदि बोलो से प्रारंभ होते है। जो अन्य घरानों में कम दिखते हैं।

इस घराने के कुछ कायदो में एक और विशेषता देखने को मिलती है, जो कायदो के उत्तरार्ध अर्थात खाली से संबधित है। अधिकांश के उत्तरार्ध का भाग पूर्वार्ध्द बंध (बाँया रहित) ही होता है जो निम्न कायदे से स्पष्ट हो जायेगा।

धाऽगे गेनक धिटधी टकीट धाधागे गेनक तिनती नाकीना ।

ताऽके केतक तिटती टकीट धाधागे गेतक धिनधी नागीना ।

इसके विपरीत अजराड़ा के इस प्रसिध्ध कायदे को सुनिये। इसके उत्तरार्ध का भाग अन्य कायदे से भिन्न है। उदाहरण देकर समझाता हूँ।

धाधाधा धिधी

उपर्युक्त कायदे में खाली के बोलों में "तातातता और तिंताती के स्थान पर तिऽऽनाऽन ताके तिरकीट" बोल लगाये गये है, जो कायदे के साधारण नियमोंसे हटकर हैं और यही इस घराने की विशेषता है।

स्वतंत्रवादन के लिये यह बाज बहुत सफल और उपयुक्त है। क्योंकि इसमें जिस वादन का प्रदर्शन होता है उसे सभी जानेमाने गुणीजन शुध्द

तबला मानते है। इसके बोलों में पखावज का ढंग लेश मात्र भी नही है। और यही कारण है कि यह बाज अत्यंत कठिन होता है और साध्य होने पर भी अधिकतर गुणीजनों के बीच ही सराहा जाता है। इसके विभिन्न लयकारियों से भर हुऐ लचीले और झुमते हुए कायदे वादन में विशेष आकर्षण और दिल में एक अनोखी गुदगुदी सी पैदा कर देते हैं।

इस घराने की ऐक रचना को उदाहरण देकर समझाता हूँ।

धिं धागेन धाऽ धागेन धाती गेगेनक तिनति नाकीना ।

इस घराने के पूर्वज कल्लुखाँ और मीरुखाँ की वंश परंपरा में मोहम्मदी बख्श, चांदखाँ, कालेखाँ, कुतुबखाँ, तुल्लनखाँ ऐवं घीसाखाँ हुऐ। कुतुबखाँ के पुत्र हस्सुखाँ माने हुऐ उस्ताद हो गये। उनके पुत्र वंशज ऐवं शिष्यो में बब्बुखाँ, शम्मुखाँ तथा नन्हेखाँ हुऐ। शम्मुखाँ के पुत्र उस्ताद हबीबुद्दीन संगीत जगत में चमके। खाँ साहब के हाथ में ऐसा जादू था कि जब वे बजाते थे, बेजोड बजाते थे। वह सोलो और संगत करने में पटु थे।

अब अजराड़ा घराने के बोलों की निकास विधि पर चर्चा करेंगे। तबले पर बजनेवाले वर्णाअक्षर, पराक्षर या मूलाक्षर कहलाते हैं, वह सभी घरानों एवं बाजो में एक समान ही होते हैं। सभी घरानों में धा को धा धिं को धिं ना को ना और ट को ट ही कहते है। परंतु विभिन्न घरानों में उनके निकास

की विधि में थोड़ाथोड़ा अतंर होता है। प्रत्येक घराने में कुछ विशेष प्रकार की मौलिक रचनाऐं भी बनी है और घराने के कर्णाधिकार विद्वानों ने बंदिशों को बजाने की विधि में परिवर्तन किये। इसीसे विभिन्न घराने अलग अलग अस्तित्व में आये और उनकी पहचान बनी। इसी संदर्भ में अजराड़ा घराने के बोलों की निकास पद्धति पर विचार करते है।

केवल अजराड़ा घराना ही एक एसा घराना है जिसमें एक अक्षर केवल एक ही उंगलीसे बजाया जाता है। अर्थात कोई भी अक्षर निकाल ने में एक साथ दो उंगलियों का प्रयोग नही होता है। मिसाल के तौर पर तिरकिट के निकास को ही देखा जाय, अजराड़ा घराने में ति मध्यमासे और र तर्जनी से,कि बाये पर ट अनामिका से निकाला जाता है। जो सब घरानों से अलग पड़ता है।

अजराड़ा घराने में न और ना के उच्चारण और निकास का अंतर स्पष्ट रुप से माना जाता है। न अक्षर किनार अथवा चांटी के पास के भाग में अनामिका से निकाला जाता है, जब की ना अक्षर किनार पर तर्जनी से निकाला जाता है। त्रिपल्ली रुप के कायदे केवल अजराड़ा की एक अनोखी प्रतिभा है। त्रिपल्ली का अर्थ है बन्दिश को तीन लयों में बजाना। और फिर तीसरी लय में उस कायदे की लौट,पलट किये जाते है। अजराड़ा घराने के इस प्रकार के एक कायदे की पढंत सुनिये।

धाऽधाऽधाऽ धाऽगेगेनक धिनगेगेनक दिननिागीना

तकधिनगीन तकीटधाऽऽ धिनगेगेनक तीनतिनाकीना

अजराड़ा घराने की बंदिशो में एक ऐसी नवीनता पाई जाती है,जो दूसरे घरानों की रचनाओ में बहुत कम मात्रा में पायी जाती है। इस घराने के विद्वानों ने हर अक्षर के कायदे बनाये है जो इस घराने को दूसरे घरानों से भिन्न कर देते हैं। इस प्रकार के कुछ कायदे पढकर सुनाता हूं। सुनिये कितनी सुंदर बंदशि है। यह कायदा 'कत' अक्षर पर बना हुआ है।

धाऽधाऽ कतगिन तीनाकत गिनतीना कतकत गिनतीना कतगीन तीनाकीना

ताऽताऽ कतकिन तीनाकत गिनतीना कतकत गिनतीना कतगीन धीनागीना

अजराड़ा घराने के रेले भी सब घरानो में अपना अलग ही स्थान रखते है। इस घराने के रेले भी चतुस्त्र जाति में तो है ही जो दूसरे घरानो से मिलतेजुलते है,मगर इस घराने के उस्तादोंने बहुत से रेले की बंदिश तिस्त्र जाति में इतने सुंदर ढंग से की है कि केवल सुनने में उनका सच्चा आनंद आता है। एक त्रिपल्ली अंग के रेले की पढंत सुनाता हूं।

धाऽति रकीट धाऽघी डनग धिनधी नागीना धाऽघी डनग

धिनधी नागीना धाऽती रिकीट धाऽघी डनग तनिती नाकीना

अभी जो स्वतंत्र वादन आपने सुना उसे सुनकर मुझे विश्वास है की श्रोताओं को अजराड़ा घराने के तबला वादन की विशेषताऐं स्पष्ट हो गयी होगी।

५-३ THE ROLL OF RHYTHM IN MUSIC

Before an attempt is made to indicate the importance of rhythm in the realm of music, it is necessary to understand clearly its meaning, its relation to other allied concepts, and its relation to other allied concepts, and its psychological purpose of necessity. Only then can we pass on to examine the aesthetic character of rhythm, and its contribution to the total effect in the case of both esthetic creativity and appreciation. The aesthetic everywhere transcends and transmutes the merely physical or even psychological, but in normal experience it is rarely, if ever, completely removed from the latter.

Rhythm and allied concepts so, what is rhythm? A simple answer is this: rhythm or tal is regularly recurring movement isolated, identified and measured in respect of its manner and speed. Measurement (in tall) of laya from the viewpoint f the manner (called 'andaz') gives us the distinctive idiom (or 'chalan') of the various 'thekas'. – Such as Tritaal, Jhaptal and Ektall : and measurement of laya is taal (or rhythm) in respect of the formers speed gives us such notions as 'Vilambit',Madhya' and Drut'.The original unmeasured thing is the manner and speed of movement. This becomes laya when the mind begins to flow in harmony with it, without as yet interposing distinctions into it. Laya when measured it 'Tall'. Tall is to laya what a yard

is to distance in both cases the former is a measure of the latter. Again, as a yard possess definite internal distinctions – say, inches and their further sub-divisions – so a taal has its own inner accents, the 'khaali' and the 'bhari' and the individual matras. Now, the Taal or rhythm taken with its own internal distinctions, number of matras and manner of movement – and not in the general sense of merely being a measured cross-section of laya- is a 'theka'.

The 'theka' therefore, points firstly to something other than itself to that of which it itself is a mere measure, saya-laya and secondly, asserts its own character. It has its own aesthetic design the inner accents of which are, or should be, all clearly articulated hence the 'sum' the 'khali' and the 'bhari of the 'theka'. Has anyone reflected as to why there is 'khali' in every 'theka? Or again, why should we at all talk of matra instead of remaining content with mere laya? The answer to both these questions is provided by a simple psychological truth. The matras, the 'khali' and 'bhari' and the 'sum' lend internal variety and distinctness to the 'theka'. This, in turn helps concentration. Any vocalist will testify to it that he quickly becomes impatient with a tabla player whose 'theka is not distinctly articulated in its parts, and that not merely because the vocalist find it difficult to pick up laya if the 'khali' is not shown properly (though that too is often the main cause),

but because the design (or the shape, as they say) of a 'theka' thus executed is not conductive or concentration, because not satisfying aesthetically.

The logic of Laya-measurement

Now, here I may be allowed to make an observation of a theoretical character. From mere movement-of things in space or of ideas – to laya (which shows the mind getting involved with this movement): from: laya: to 'taal: from taal to theka: from theka to its sam,'khali and bhari,- it is the same psychological necessity that compels the transition of thought : it is the irresistible because innate- attempt of the mind to understand the original undifferentiated datum of experience by inlaying it with measured and distinct articulations. In **every** act of its attending, the mind of Man rebels against the idea of having to deal with the diffuse, the limitless and the undifferentiated. The protest of 'Brahman' is a case in point. The experience, even as it comes originally, is neither a characterless continuity nor a mosaic of chaotic bits, but an 'articulated field of view, -distinct objects appearing as original wholeness against a background, the latter being at once essential to, yet distinct from, the exact perceived character of the former. The same holds true of music, presented or appreciated. Here rhythm or tall present as itself, say, in allaap, or in the more definite from 'theka' as is subsequent performing- introduces

distinct accents is to aesthetic, creativity or appreciation lending ready appeal to the latter.

Rhythm Facilitates Attention

The 'theka' is, as we have seen, an 'articulation' of laya, that is, an identification of the range and inner character of a portion of the latter. This helps understanding and concentration. We may take simple examples to illustrate this point. Only trained listeners enjoy simple examples to illustrate this point. Only trained listeners enjoy 'alaap' or jor in vocal and instrumental music (respectively): the average listener enjoys only 'sthayee-singing' or 'gatkari' both of them being, as we know, varieties of performing with professed dependence on the 'theka'.'Laya' is there even in the former facets or aesthetic delineations, but there it is not sufficiently articulated (that is, not so compressed and internally differentiated) t least not so much as in 'gatkari' or 'sthyaee singing' and so the average listener or even the average performer quickly becomes impatient with alaap, and breathes a sigh of relief when the tabla begins 'accompanying' the main performer.

Another simple example to illustrate how exactly the articulation of laya helps concentration is furnished by the case of the devout Hindu who counts the beads of his rosary while saying his early morning prayers. I think he does so though unwittingly in response to a vital psychological necessity.

The bead with it discreteness and the isolated (though repeated) Ramanama chanted to the rhythm of the bead slipping back as the finger passes on both variegate the hue of the mood,' articulating' situation to help contemplation. So, rhythm is the articulation of 'laya'. It facilitates the grasp of attention thus helping both the performer in his creativity and the listener in his creativity and the listener in his appreciation. Having indicated the essential psychological necessity of rhythm, I may pass on further to show how rhythm or taal is not only appealing in itself but lends appeal to music in general. Rhythm is itself an aspect of music, and so an attempt to indicate the intrinsic charm of rhythm will be at once a pointer to the role it plays in the realm of music.

Rhythm's own charm

The appeal of rhythm, considered in comparative isolation from music in general, consists essentially if not entirely in its conformity to an important psychological law, the law of repetition with variation, or, the law of figure and goround, rhythm, as we defined it initially, is regularly recurring or repetitive movement. Repetition itself attracts attention. But, as used in music rhythm is not merely repetitive movement – such as the one seen in the swinging pendulum of a clock: it is repetition interspersed – of a clock: it is repetition interspersed – or rather studded with subtle of delighting the audience with the intrinsic beauty of the 'theka'itself that is, without

